केवल मूल्यांकन हेतु

PAPER CODE								4	0	1	1
STUDENT CODE											

1A		1H		6		13			
1B		1I		7		14			
1C		1J		8		15			
1D		2		9					
1E		3		10					
1F		4		11					
1G		5		12		TOTAL			

केन्द्राध्यक्ष

हस्ताक्षर एवं सील

दिनांक :

हस्ताक्षर

मूल्यांकनकर्त्ता

दिनांक :

राज्यस्तरीय आकलन (SLA)
सत्र 2018–19
कक्षा– 4
विषय– हिंदी

विषय कोड–4011

समय– 2:00 घंटे पूर्णांक –50

अनुक्रमांक (अंकों में) ..... (शब्दों में) .....

परीक्षार्थी का नाम ..... .शाला का नाम .....

प्राप्तांक (अंकों में) ..... (शब्दों में) .....

हस्ताक्षर निरीक्षक ..... हस्ताक्षर जाँचकर्त्ता .....

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न 1. नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर गोला लगाओ – 10 x 1

I. अपने से बड़ों को पत्र लिखते समय लिखा जाता है–

(अ) प्रिय (ब) आदरणीय

(स) स्नेही (द) प्यारी

II. चिड़ीमार कहते हैं–

(अ) पक्षियों को पकड़ने वाले को (ब) पक्षियों को खिलाने वाले को

(स) जानवरों को पकड़ने वाले को (द) जानवरों को बेचने वाले को

III. **'पिंजरे का जीवन'** कविता में किन–किन पक्षियों के नाम आए हैं?

(अ) तोता–मैना (ब) तोता–कबूतर

(स) मैना–चिड़िया (द) मैना–बत्तख

IV. इसमें से सही शब्द है–

(अ) आसचर्य (ब) आषचर्य

(स) आश्चर्य (द) आशचर्य

V. ''बीसों का सिर काट लिया,
ना मारा ना खून किया।'' इस पहेली का उत्तर है–

(अ) सिर (ब) गिनती

(स) नाखून (द) बीस

VI. **'किताब'** का बहुवचन है–

(अ) पुस्तकें (ब) किताबें

(स) पुस्तक (द) ग्रंथ

VII. **'दार'** प्रत्यय से बना शब्द है –

(अ) दरोगा (ब) पहरेदार

(स) दलदल (द) दरवाजा

VIII. अमीर खुसरो थे –

(अ) शिक्षक (ब) डॉक्टर

(स) राजनीतिज्ञ (द) संगीतज्ञ

IX. ड़ॉ0 जगदीश चंद्र बोस ने किसकी स्थापना की ?

(अ) बसु कला मंदिर (ब) बसु नृत्य मंदिर

(स) बसु विद्या मंदिर (द) बसु विज्ञान मंदिर

X. इंसाफ का अर्थ है –

(अ) नियम (ब) न्याय

(स) कानून (द) नीति

अति लघुउत्तरीय 6 x 2

प्रश्न 2.पिंजरे में बंद होने पर तोता दुखी क्यों था?

उत्तर .....

.....

प्रश्न 3.अली और हसन के बीच झगड़े का क्या कारण था?

उत्तर .....

.....

निर्देशः– दिए गए आवेदन पत्र को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो –

सेवा में,

प्रधान पाठक,

शासकीय प्राथमिक शाला सुंदरनगर

द्वारा – कक्षा शिक्षक।

विषय – छुट्टी के लिए आवेदन पत्र।

महोदय,

सनम्र निवेदन है कि मेरी माँ की तबीयत खराब होने के कारण मैं शाला आने में असमर्थ हूँ । अतः मुझे आज दिनांक 19.02.19 को एक दिन की छुट्टी देने की कृपा करेंगे।

प्रार्थी

हेमा भोई

कक्षा चौथी

प्रश्न 4. हेमा छुटटी क्यों लेना चाहती थी?

उत्तर .....

.....

प्रश्न 5. पत्र में **'महोदय'** शब्द किसके लिए लिखा गया है ?

उत्तर .....

.....

प्रश्न 6. अपनी मातृभाषा में चार लाइनों की एक कविता लिखो।

उत्तर .....

.....

.....

.....

प्रश्न 7. वह कौन–सी चीज है, जो धूप में पैदा होती है और हवा लगते ही मर जाती है ?

उत्तर .....

.....

लघु उत्तरीय प्रश्न 4 X 3

प्रश्न 8. दिए गए चित्र को देखकर **'अमीर खुसरो'** की एक पहेली लिखो।



उत्तर .....

.....

.....

.....

प्रश्न 9. दी गई पंक्तियों का अर्थ लिखो।

भोजन औ जल की तलाश में,

हम दिन–रात भटकते।

तब जाकर दो–चार अन्नकण,

अपने पल्ले पड़ते।।

उत्तर .....

.....

.....

.....

प्रश्न 10.''जगदीश चंद्र बोस बड़े स्वाभिमानी थे।'' इस कथन को तुम उनके जीवन के किस प्रसंग से सिद्ध करोगे?

उत्तर .....

.....

.....

प्रश्न 11. अली को गधे की हजामत क्यों बनानी पड़ी?

उत्तर .....

.....

.....

<u>लघुत्तरीय प्रश्न</u> 4 X 4

प्रश्न 12.राजिम को छत्तीसगढ़ का प्रयाग क्यों कहा जाता है ?

उत्तर .....

.....

.....

.....

प्रश्न 13.नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो –

रीना नाम की एक लड़की थी। वह जिस चारपाई पर सोती थी, उसके पाये रोज आपस में बातें करते थे। उनमें से एक पाया रोज घूमने जाता था और बाकी तीन पाये उस एक पाये का भार अपने ऊपर सँभाल लेते थे। इसी तरह चारों पाये बारी–बारी से घूमने जाया करते थे।

एक दिन की बात है रीना के गाँव में नाचा पार्टी आई हुई थी। शाम से ही चहल–पहल शुरू हो गई थी। चारों पाये भी आज नाचा देखने जाने के लिए झगड़ रहे थे। उनके झगड़े का कारण यह था कि आज रीना की चारपाई का वजन कौन सँभालेगा? सभी इस मौके का फायदा उठाना चाह रहे थे।

चारों का झगड़ा बढ़ता जा रहा था। तभी रीना दौड़ती हुई घर आई। उसने अपनी माँ से कहा, ''माँ, मैं सीमा के साथ नाचा देखने जा रही हूँ।'' रीना की बात सुनकर चारों पाये खुशी से उछल पड़े।

(अ) चारपाई के पाये आपस में क्यों झगड़ रहे थे ?

उत्तर.....

.....

.....

(ब) चारों पाये खुशी से क्यों उछल पड़े ?

उत्तर.....

.....

.....

प्रश्न 14. किताबें हमारी मित्र क्यों हैं ? कारण बताओ।


उत्तर .....

.....

.....

प्रश्न 15.चित्र देखकर इनके बारे में अपनी मातृभाषा में लिखो ?

उत्तर



.....

.....




.....

.....



.....

.....



.....

.....